**SAINIK SCHOOL AMETHI**

**SUMMER VACATION HOLIDAY HOMEWORK**

**CLASS: X**

**SUBJECT: HINDI** **Subject Code-Course-A 002**

निर्देश-

* सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, प्रश्नों का उत्तर निर्धारित शब्द सीमा में ही लिखिए।
* ग्रीष्मकालीन गृहकार्य साफ-सुथरे और प्रस्तुत करने योग्य तरीके से किया जाना चाहिए।
* हिंदी विषय के ग्रीष्मकालीन गृहकार्य को सिंगल लाइन (20 पृष्ठ) की नोटबुक में पूर्ण करिए।
* ग्रीष्मकालीन गृहकार्य का मूल्यांकन रचनात्मकता, प्रस्तुति और सभी प्रश्नों के पूरा होने और कार्य की अनुक्रमणिका के आधार पर किया जाएगा।

1 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) "स्वर्णशालियों की कलमें थीं
दूर-दूर तक फैल रहीं।
शरद-इंदिरा के मंदिर की
मानो कोई गैल रही।।
इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(ख)' हाथों से उठा गिरि को, कंदुक भाँति उछाल निशिचर, हुँकार भरते हैं।' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(ग) 'जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो करै, बढ़े अँधेरो होय।।
इन काव्य-पंवित्तों में प्रयुक्त अलंकार है'

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(घ) 'मंगन को देखि पटे देत बार-बार है।' इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(ङ) 'देख लो साकेत नगरी है यही, स्वर्ग से मिलने गगन में जा रही। इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(च) कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर जाए।
हिम के कणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।।
इन काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(छ) 'उषा सुनहले तीन बरसती
जय लक्ष्मी सी उदित हुई।'
इस काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(ज) मधुवन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ'
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(झ) 'नित्य ही नहाता क्षीर-सिन्धु के कलाधर है।
सुंदर तवानन की समता की इच्छा से।।
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

(ञ) बीती विभावरी जागरी
अंबर पनघट में डुबो रही, तारा घट उषा नागरी।
इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है

(i) श्लेष (iii) मानवीकरण
(ii) उत्प्रेक्षा (iv) अतिशयोक्ति

2 निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) पहले श्याम यहाँ रहता था। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा ।
(ख) उन्होंने मुझे इनाम में दस रुपये दिए। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा ।
(ग) समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा ।
(घ) परिश्रम ही सफलता का मूल मंत्र है। रेखांकित अंश का पद परिचय होगा ।
(ङ) सोहन इसी घर में रहता है। रेखांकित अंश का पद परिचय है ।
(च) मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए। रेखांकित अंश का पद परिचय है ।
(छ) वे लोग घर पर हैं। वे अभी बाजार में थे। दोनों वाक्यों के 'वे' का सामान्य पद परिचय होगा ।
(ज) शाबाश! तुमने बहुत अच्छा कार्य किया। रेखांकित अंश का पद-परिचय है ।
(झ) काशी में मरण भी मंगल माना गया है। रेखांकित अंश का पद-परिचय है ।

(ञ) राहुल <u>प्रतिदिन</u> व्यायाम करता है। रेखांकित अंश का पद-परिचय है ।

3 निम्नलिखित तीनों विषयों पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।

(क) वर्तमान शिक्षा पद्धति

**संकेत बिंदु –**

भूमिका

माध्यमिक शिक्षा की आवश्यकता

शिक्षा की उपयोगिता

शिक्षा हमारी अच्छी मित्र

(ख) मुसीबत में ही मित्र की परख होती है

**संकेत बिंदु –**

भूमिका

अच्छे मित्र के गुण

आदर्श मित्रों के उदाहरण

सच्चे मित्र का चुनाव

(ग) मीडिया का वर्चस्व

**संकेत बिंदु**-

भूमिका

मीडिया के कार्य

मीडिया की उपयोगिता

रोजगार के अवसर

(घ) G20

**संकेत बिंदु**-

प्रस्तावना

G20 के सदस्य

G20 के कार्य

G20 क्या है?

G20 का उद्देश्य

उपसंहार

4 आप स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं, पल्स-पोलियो के प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय समाचार-पत्र में उसका विज्ञापन देना चाहते हैं। आप उनके लिए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

5 आपके बडे भाई एक संस्कृति नंदनी ग्रुप चलाते हैं। वे उसके प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय समाचार-पत्र में सांस्कृतिक एकता प्रदर्शनी का विज्ञापन देना चाहते हैं। आप उनके लिए 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

6 आपका बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है। उसमें आपने एटीएम कार्ड के लिए आवेदन किया था, जो 1 माह के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हुआ। अतः महाप्रबंधक महोदय को शिकायत करते हुए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

7 अपनी सोसाइटी में पानी की समस्या के निवारण हेतु जल विभाग अधिकारी को एक ईमेल लिखिए।

8 राजीव गांधी फाउंडेशन उच्च शिक्षा हेतु स्कॉलरशिप प्रदान करती है। अतः उसे भेजने के लिए अपना बायोडॉटा स्ववृत्त तैयार कीजिए।

9 'दैनिक भारत' समाचार-पत्र को खेल-विभाग के लिए संवाददाताओं की आवश्यकता है। पद के लिए खेलों का ज्ञान और रुचि के साथ-साथ हिंदी भाषा में अच्छी गति से लिखने का अभ्यास अनिवार्य है। इस पद के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।

10 अपने मित्र को महानगरीय जीवन की सुखद और दुःखद स्थिति का वर्णन करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

11 कई जगह सूचनापट्ट पर अशुद्ध हिंदी लिखी मिलती है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए प्रसिद्ध दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

12 निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) आकाश में इसलिए तारों का मेला लग गया था, क्योंकि रात हो गई थी।' (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(ख) 'लाभ वाला काम करो' (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(ग) मैने उसे बहुत समझाया पर वह न मानी। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(घ) सभी लिख चुके हैं लेकिन सृजिता अभी तक लिख रही है। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(ङ) पत्थर की मूर्ति पर चश्मा असली था। (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(च) यह पुस्तक यहाँ थी और मैं उसे कमरे में ढूँढ रहा था। (सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(छ) 'वे मूर्ति देखकर रुक गए।' (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(ज) जो लोग परिश्रमी थे, वे सफ़ल हो गए । (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(झ) गुरुजी के आते ही भक्त शान्त हो गए। (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

(ञ) 'दूसरी बार, जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया' (संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए।)

13 सीमा पर तैनात फ़ौजी ही देश-प्रेम का परिचय नहीं देते। हम सभी अपने दैनिक कार्यों में किसी न किसी रूप में। देश-प्रेम प्रकट करते हैं, कैसे 40-50 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

14 उद्धव गोपियों के पास जिस उद्देश्य से आए थे, उसमें सफल नहीं हो सके? 40-50 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

15 बालगोबिन भगत अपने साधु और गृहस्थ होने का स्वाभिमान कैसे बनाए रखते थे? उनकी गंगा-स्नान यात्रा के आलोक में 40-50 शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

16 पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग-2 और पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग-2 से सभी गद्य आधारित पाठों को पढ़िए।

(हिंदी पाठ्यपुस्तक क्षितिज भाग-2 और कृतिका भाग-2 के पढ़ाये गए पाठों की पुनरावृति कीजिए।)